भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

PRESS RELEASE

प्रेस विज्ञप्ति

एलआईसी द्वारा पॉलिसीधारकों को उनकी कालातीत पॉलिसियों को पुनर्चलित करने के लिए उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया जाना

उच्च जोखिम की वर्तमान परिस्थितियों में, जोखिम सुरक्षा की निरंतरता को प्रोत्साहित करने तथा अपने पॉलिसीधारकों के कालातीत पॉलिसियों के पुनर्चलन के लिए एलआईसी एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान कर रहा है । एलआईसी ने अपने ग्राहकों के व्यक्तिगत, कालातीत एलआईसी पॉलिसियों के पुनर्चलन के लिए 10/8/2020 से 9/10/2020 तक एक विशेष पुनर्चलन अभियान चलाने का निर्णय लिया है ।

मौजूदा परिस्थितियों के मद्देनजर, चिकित्सा आवश्यकताओं में कोई रियायत नहीं दी जा रही है और रियायतें केवल विलंब शुल्क तक ही सीमित हैं ; अवधि बीमा और अन्य उच्च जोखिम योजनाओं के अलावा अन्य योजनाओं के तहत।

इस विशेष पुनर्चलन अभियान के तहत, विशिष्ट पात्र योजनाओं की पॉलिसियाँ, कुछ शर्तों व नियमों के अधीन, प्रथम अदत्त प्रीमियम की तारीख से 5 वर्षो के भीतर पुनर्चलित की जा सकती हैं।

पात्र पॉलिसियों के लिए विलंब शुल्क में रियायत
(अवधि बीमा, स्वास्थ्य बीमा, एकाधिक जोखिम पॉलिसियाँ आदि, जैसे उच्च जोखिम योजनाएं रियायत के लिए पात्र नहीं हैं)

कुल प्राप्य प्रीमियम	% विलम्ब शुल्क रियायत	अनुमत अधिकतम रियायत
1,00,000 तक	20%	1500 रुपये
1,00,001 से 3,00,000 तक	25%	2000 रुपये
3,00,001 और उससे अधिक से	30%	2500 रुपये

जो पॉलिसियाँ प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान कालातीत रहीं तथा जिनकी पॉलिसी अवधि पुनर्चलन की तिथि तक पूर्ण नहीं हुई है, ऐसी पॉलिसियाँ इस अभियान के तहत पुनर्चलन के लिए पात्र हैं ।

यह अभियान उन पॉलिसीधारकों को लाभान्वित करने के लिए शुरू किया गया है जो अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण प्रीमियम के नियमित भुगतान कर नहीं पाये और उनकी पॉलिसीयाँ कालातीत हो गईं । एक पुरानी पॉलिसी को पुनर्चलित कर बीमा सुरक्षा को बहाल करना सदैव ही बेहतर उपाय रहा है । एलआईसी अपने पॉलिसीधारकों व उनके जीवन बीमा सुरक्षा की निरंतरता की इच्छा का कदर करता है । यह अभियान, एलआईसी के पॉलिसीधारकों को, उनके पॉलिसियों के पुनर्चलित करने तथा जीवन सुरक्षा का बहाली कर उनके परिवार की वित्तीय सुरक्षा को सुनिश्चित करने का सुअवसर प्रदान करता है।

दिनांकित 9 अगस्त,2020, मुंबई

कृपया अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

कार्यकारी निदेशक (निगमित संप्रेषण)
भारतीय जीवन बीमा निगम, केन्द्रीय कार्यालय, मुंबई।
ईमेल आईडी: ed_cc@licindia.com
www.licindia.in हमें पर संपर्क करें